


नवभारत
भोपाल, शनिवार 7 मार्च 2026


# सेल्समैन से गले पर छुरी रखकर नकदी, मोबाइल लूटा

## सलामतपुर पुलिस ने घेराबंदी कर 3 लुटेरों को पकड़ा





**सलामतपुर, 6 मार्च. नेशनल हाइवे-146 पर गुरुवार देर रात पैदल घर जा रहे पेट्रोल पंप के सेल्समैन के साथ मोटरसाइकिल से आए तीन बदमाशों ने गले पर छुरी रखकर लूट की वारदात को अंजाम दिया. लुटेरे पंप कर्मचारी से 25 हजार 800 रुपए नगद और मोबाइल फोन लूट कर ले गए.**

फरियादी रविकांत शाक्य ने अपने दोस्त रिंकू कुशवाह के साथ कार से लुटेरों का पीछा भी किया लेकिन लुटेरे भोपाल की और भाग गए. वारदात की जानकारी मिलते ही सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने प्रधान आरक्षक नितिन जमालिया, आरक्षक रंजीत धाकड़, राहुल रघुवंशी, रोहित गोस्वामी और रविन्द्र रघुवंशी के साथ थाने के सामने बेरिकेडिंग कर दी. थोड़ी ही देर में एक मोटरसाइकिल एमपी04 क्यूएस 4620 आती दिखी.

पुलिस ने मोटरसाइकिल रोकने का इशारा किया. मोटरसाइकिल चालक ने रुकने की जगह भागने का प्रयास किया तो पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में इनकी पहचान निखिल बंसल पिता मुन्ना बंसल, मुन्नू योगी पिता राजेश योगी और रवि कुशवाहा पिता काशीराम कुशवाहा तीनों निवासी छोला भोपाल के रूप में हुई. आरोपियों के पास से लूटी हुई रकम 25800 रुपये, मोबाइल और एक छुरी बरामद की है. चूंकि मामला सांची थाना क्षेत्र का है, इसलिए पुलिस ने तीनों आरोपियों पर धारा 309(4) बीएनएस की कार्रवाई कर मामले को विवेचना में लिया है.

### पेट्रोल भरवाने के लिए मांगे थे 50 रुपये

गुरुवार की रात लगभग सवा ग्यारह बजे आमखेड़ा सोनकर सेल्स इंडियन पेट्रोल पंप कर्मचारी रविकांत शाक्य टैंक बंद कर पैदल ही अपने घर काछी कानाखेड़ा जा रहा था. तभी विदिशा की ओर से तीन युवक मोटरसाइकिल से आगे निकल गए थे. कर्मचारी को अकेला देखकर मोटरसाइकिल वापस मोड़कर लाए और 50 रुपये पेट्रोल भरवाने के लिए मांगने लगे. रविकांत ने रुपये देने से मना किया तो तीनों युवकों ने रविकांत को पकड़ लिया और छुरी गले पर रखकर जेब से 25800 रुपए नगद और मोबाइल लूटकर भोपाल की ओर भाग गए. रविकांत ने अपने दोस्त रिंकू को बुलाया और लुटेरों का पीछा किया लेकिन पकड़ने ने सफल नही हो पाए.

### इनका कहना है

गुरुवार रात्रि पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ लूट कर भागे 3 बदमाशों को थाने के सामने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया. चूंकि मामला सांची थाना क्षेत्र का था तो तीनों आरोपियों को सांची पुलिस के हवाले कर दिया.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,**
थाना प्रभारी सलामतपुर.



# बैग चोरी के 7 आरोपी गिरफ्तार मोबाइल और नकदी की बरामद

**सलामतपुर, 6 मार्च.** सांची पुलिस ने वाहन में रखा बैग चोरी करने के सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. बैग में रखे मोबाइल फोन और नकद राशि भी जब्त कर ली है .पुलिस के अनुसार 4 मार्च को फरियादी अमित कोरी निवासी हिरणखेड़ा राहतगढ़ ने सांची थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 मार्च की रात करीब 11:30 बजे मेहगांव बायपास के पास भोपाल की रिलायंस कंपनी की फ्रोजन पिकअप में रखा उनका काला बैग चोरी हो गया. बैग में तीन मोबाइल फोन, लस्सी के पैकेट और करीब 4 हजार रुपये नगद थे. चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 19 हजार रुपये बताई गई थी. जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे तथा एसडीओपी नीलम चौधरी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई. टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ में आरोपियों ने चोरी स्वीकार कर ली. पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए मोबाइल फोन और 500 रुपए नगद बरामद किए हैं. आरोपियों में लखन जादौन (23), भावेश उर्फ भोला (20), रोहित राजपूत (18), रोशन बैरागी (20), अरुण अहिरवार (21), रोहित बैरागी सहित एक बाल अपचारी शामिल है. आरोपियों को उप जेल रायसेन भेज दिया गया. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी सहित गणेश राम रघुवंशी, सुनील लोधी, दिलीप रघुवंशी, सुरेश गोहे और सौरभ रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही.



# 2 दिन में बकाया राशि जमा नहीं की तो होगी कुर्की

### एसडीएम ने किया निरीक्षण

**बेगमगंज, 6 मार्च. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार एसडीएम सौरभ मिश्रा ने राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत सभी 13 मैरिज गार्डन, 10 पेट्रोल पंप एवं एक निजी आरओ वॉटर सप्लाई प्लांट सहित निर्माणधीन यूनानी हॉस्पिटल भवन का औचक निरीक्षण किया गया.**

एसडीएम ने बताया कि राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत सभी मैरिज गार्डन एवं पेट्रोल पंप संचालकों से भूमि उपयोग अनुसार डायवर्सन की राशि जमा कराई गई. जिनका बकाया है या जो डिफाल्टर है, उन्हें चेतावनी दी गई कि अपनी बकाया राशि दो दिन के अंदर जमा करें. पालन नहीं किए जाने की दशा में संपत्ति की जब्ती एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी.

इसके अतिरिक्त उन्होंने नगर पालिका परिषद के पास वॉटर सप्लाई करने वाले एक आरओ प्लॉट का निरीक्षण किया. उन्होंने संचालक को साफ-सफाई रखने एवं गर्मी के मद्देनजर पानी में निर्धारित मापदंड के अनुसार मिनरल एवं क्लोरीन का उपयोग किए जाने के निर्देश दिए ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो सके .

वहीं नगर के कबीट चौराह स्थित निर्माण यूनानी हॉस्पिटल भवन के निर्माण का निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए कहा. राजस्व वसूली अभियान के लिए अलग-अलग टीम गठित कर सक्रियता से वसूली अभियान चलाया जा रहा है जो भी बकायदार एवं डिफाल्टर है उन पर राजस्व विभाग द्वारा सख्ती की जा रही है . सभी को निर्देशित किया गया है कि दो दिवस के अंदर अपनी -अपनी बकाया राशि जमा कर दें अन्यथा परिणाम के लिए तैयार रहे.

## एक नजर में



### सांची विवि के 25 छात्रों ने किया शोध पत्र प्रस्तुत

**सलामतपुर, 6 मार्च.** गुजरात के लुकुलेश योग विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के योग विभाग के 25 छात्रों ने शोध पत्र प्रस्तुत कर रिकॉर्ड कायम किया. गुजरात के लिंबड़ी में 'योग, प्राकृतिक चिकित्सा और मनोचिकित्सा के समन्वित दृष्टिकोण से मानसिक कल्याण' विषय पर 27 फरवरी-01 मार्च तक सम्मेलन में विभागाध्यक्ष डॉ. उपेंद्र बाबू खत्री ने तकनीकी सत्र की अध्यक्षता भी की. योग एवं मानसिक कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत शोध-पत्र करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया. सम्मेलन में देशभर से आए प्रमुख वक्ताओं ने योग अनुसंधान, वैज्ञानिक शोध, अंतरिक्ष में योग के प्रयोग तथा दक्षिणी ध्रुव (अंटार्कटिका) में वैज्ञानिकों द्वारा सामूहिक योग जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए. विश्वविद्यालय के छात्रों व शोधार्थियों ने सम्मेलन में ध्यान सत्र सहित विभिन्न सत्रों में हिस्सा लिया. विद्यार्थियों का दल विभागाध्यक्ष डॉ. उपेंद्र बाबू खत्री के मार्गदर्शन में अहमदाबाद के अक्षरधाम मंदिर, साबरमती आश्रम, तत्वबोध योग संस्थान एवं समुत्कर्ष संस्थान में भ्रमण के लिए पहुंचा. छात्रों व शोधार्थियों ने अपने यात्रा अनुभवों को एक दूसरे के साथ साझा किया. समापन समारोह में स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान के कुलपति मंजूनाथ एवं मेघनानंद सन्यासी ने योग के विज्ञान और समन्वित योग के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की.

▶ **गुजरात में हुआ तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन**

### अफवाह से बचें, डीजल, पेट्रोल, एलपीजी का है पर्याप्त स्टाक

**रायसेन, 06 मार्च.** पेट्रोलियम पदार्थ जैसे- डीजल, पेट्रोल, एलपीजी की आपूर्ति को लेकर विभिन्न माध्यमों से जो अफवाह एवं भ्रमित जानकारी प्राप्त हो रही है ऐसी सभी तरह की जानकारियों से बचें. जिला आपूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की आपूर्ति के संबंध में ऑयल कंपनियों से जानकारी प्राप्त की गई. ऑयल कंपनी द्वारा अवगत कराया गया है, कि डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है एवं नयमित आपूर्ति जारी है. किसी भी तरह की कोई कमी या आपात की स्थिति निर्मित नहीं है. उन्होंने डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी उपयोगकर्ता ग्राहकों से अपील की जाती है कि अनावश्यक डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी का स्टॉक न रखें. वर्तमान में जरूरत एवं खपत अनुसार ही क्रय करें. जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की सप्लाई निर्बाध जारी है.



# चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

**बेग़मगंज , 6 मार्च. कायस्थ महासभा बेगमगंज द्वारा भाई दोज पर भगवान श्री चित्रगुप्तजी व कलम दवात का पूजन अर्चन विधि विधान से किया.**

इस अवसर पर समाज ने होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया. सभी ने अपनों को रंग गुलाल लगाकर आशीष दिया. होली मिलन समारोह के उपरांत खीर प्रसादी ग्रहण की. अध्यक्षता विजय खरे ने की. मुख्य अतिथि अशोक श्रीवास्तव एवं ओमप्रकाश श्रीवास्तव रहे.

आयोजन में पूर्व अध्यक्ष नवीन सक्सेना, आलोक श्रीवास्तव, राजीव खरे, कायस्थ महासभा अध्यक्ष गिरीश सक्सेना ने सभी वरिष्ठ समाजजनों का गुलाल लगाकर सम्मान किया. समिति के सभी सदस्यों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया. आयोजन में बड़ी संख्या मैं कायस्थ समाज की महिलाओं, समाजबंधुओं ने भाग लिया.

# दुर्घटना : ट्रक ने स्कूटी और बाइक को मारी टक्कर

## बस को ओवरटेक करने के प्रयास में हुई घटना



**सलामतपुर, 6 मार्च.भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे-18 पर शुक्रवार को एक ट्रक ने बस को ओवरटेक करने के प्रयास में स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. हादसे में दोनों वाहन चालक सड़क पर गिर गए.राहत की बात यह रही कि दोनों ही वाहन चालकों को मामूली चोटें ही आई.**



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक तेज रफ्तार में बस को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, इसी दौरान सामने से आ रहे दोपहिया वाहनों से उसकी टक्कर हो गई. टक्कर के बाद स्कूटी और बाइक सड़क पर गिर गईं और दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए. बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार बेरखेड़ी चौराहा से भोपाल की ओर जा रहा था, जबकि मोटरसाइकिल चालक विदिशा से भोपाल की ओर आ रहा था. घटना के बाद मौके पर कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा, लेकिन बाद में ट्रक चालक, मोटरसाइकिल चालक और स्कूटी चालक के बीच आपसी समझौता हो गया. इसी कारण किसी भी पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई. स्थानीय लोगों का कहना है कि हाइवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण अक्सर दुर्घटनाओं की स्थिति बनती रहती है.

थाना क्षेत्र में हाइवे 18 पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर मे 2 वाहनों में टक्कर मार दी. यह तो गनीमत रही कि गंभीर हादसा होने से बच गया. किसी भी पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज नही कराई है.

**- दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर.

हाइवे-18 को फोरलेन करने से हादसों में कमी आ सकती है. सड़क छोटी होने की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं. स्थानीय रहवासी शासन प्रशासन से हाइवे 18 को शीघ्र 4 लेंन करने की मांग कर रहे हैं.

**- नरेश चौधरी,** सरपंच सरार.

भोपाल-विदिशा हाइवे को फोरलेन करने से हादसों में कमी आ सकती है. सड़क की साइडों को भी रिपेयर करना चाहिए. इससे भी दोनों तरह 5-5 फीट जगह मिल सकती है. स्थानीय रहवासी काफी समय से शासन प्रशासन से हाइवे 18 को फोरलेन करने की मांग कर रहे हैं.

**- कैलाश गोस्वामी,**
समाजसेवी रातातलाई.

# पूरी तरह सुरक्षित है एचपीवी वैक्सीन : सीएमएचओ

▶ **स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाई जा रही नि:शुल्क वैक्सीन**

**रायसेन,6 मार्च. महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है.**

रायसेन जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को भविष्य में सरवाईकल कैंसर ना हो, इसके लिए उन्हें एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है.

सीएमएचओ डॉ. एचएन मांडरे ने बताया कि एचपीवी टीका (वैक्सीन) के संबंध में भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं जो कि पूर्णत: गलत और निराधार हैं. एचपीवी टीका (वैक्सीन) वर्ष 2009 से पूरे विश्व एवं भारतवर्ष में (प्रायवेट) लगाए जा रहे हैं तथा अभी तक लगभग 25 करोड़ बालिकाओं को यह टीका लगाया जा चुका है. लेकिन कोई प्रतिकूल प्रभाव अभी तक नहीं आया है. वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है. सीएमएचओ डॉ.एनएन मांडरे ने जिले के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि किशोरी बालिकाओं को नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन का टीका अवश्य लगवाएं.

### जिले में यहां लग रहे हैं टीके

जिला चिकित्सालय रायसेन, सिविल अस्पताल मंडीदीप, सिविल अस्पताल बरेली, सिविल अस्पताल सांची, सिविल अस्पताल गैरतगंज, सिविल अस्पताल बेगमगंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औबेदुल्लागंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौहरगंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिलवानी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुरा में सोमवार से शनिवार तक प्रात: 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है.

### उपज उपार्जन के पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च

**रायसेन.** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च निर्धारित कि गई है. रायसेन जिले में गेहूं उपार्जन हेतु किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए पंजीयन केंद्रों पर अब किसान 10 मार्च तक शासकीय कार्य दिवसों में नि:शुल्क पंजीयन करा सकते हैं. किसान इन पंजीयन केन्द्रों के अतिरिक्त मोबाइल एप, ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र पर नि:शुल्क पंजीयन करा सकते हैं.

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सलामतपुर, 6 मार्च. पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 24 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है.यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, एडिशनल एसपी कमलेश कुमार खरपुसे, एसडीओपी नीलम चौधरी के मार्गदर्शन और सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में की गई है.**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज अभी ढाबे के पास एक व्यक्ति थैले में अवैध शराब बेचने ले जा रहा है.सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा.पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा.पूछताछ और झोले की जांच करने पर उसमें 24 क्वार्टर अवैध शराब मिली. इसकी कीमत 2400/-बताई गई है.पुलिस ने आरोपी भगवान सिंह लोधी पिता मुन्नालाल लोधी निवासी रातातलाई के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है.



**नुकसान** ▶ किसानों ने की मुआवजा देने की मांग

# गद्दी करार में खेत में खड़ी फसल जंगली जानवरों ने की नष्ट

**सलामतपुर,6 मार्च. सांची जनपद क्षेत्र की अंबाड़ी ग्राम पंचायत के गद्दी करार गांव में इन दिनों जंगली जानवरों का आतंक किसानों के लिए बड़ी चिंता का कारण बन गया है. खेतों में घुसकर जानवर लगातार गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. इसी क्रम में किसान गुलाब सिंह शाक्य की तीन एकड़ जमीन में गेहूं की फसल में से लगभग 2 एकड़ की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है.**



किसान का कहना है कि बीज, खाद, सिंचाई और मेहनत में भारी लागत लगाई गई थी, लेकिन अब फसल बर्बाद होने से लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है. गुलाब सिंह शाक्य ने बताया कि रात में जंगली जानवर खेतों में घुस आते हैं और पूरी फसल चौपट कर देते हैं. उन्होंने प्रशासन से मुआवजा दिलाने और जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है.

### इनका कहना है

जंगली जानवरों ने मेरी पूरी 2 एकड़ गेंहू की फसल नष्ट कर दी है. हम फसल बचाने के लिए कोई उपाय भी नहीं कर पा रह.हैं. करंट लगा नहीं सकते, मार सकते नहीं है जानवर को, क्योंकि सरकार ने रोक लगा रखी है. लागत निकालना ही मुश्किल लग रहा है. अब मेरी प्रशासन से मांग है कि नुकसान का मुआवजा दिया जाए.

**गुलाब शाक्य,** पीड़ित किसान

गद्दी करार क्षेत्र में कई किसान जंगली सुअरों सहित अन्य जानवरों के आतंक से परेशान है. जानवर गेहूं की फसल को बर्बाद कर रहे हैं. यह जानवर पहाड़ की ओर से आते हैं और पूरी फसलों को बर्बाद कर कर चले जाते हैं. किसानों को मुआवजा दिया जाए.

**रितेश ठाकुर,** पीड़ित किसान

# शिवराज के जन्मदिन पर पार्क में पौधरोपण

## जनप्रतिनिधियों ने देखभाल का लिया संकल्प



**सिलवानी, 6 मार्च. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर नगर परिषद द्वारा निर्मित अमृत पार्क में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया.**

कार्यक्रम में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए. कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और नागरिकों ने पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया. वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण बेहद आवश्यक है. प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए. कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, नगर परिषद कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही. सभी ने मिलकर पार्क परिसर में पौधे लगाकर हरित वातावरण बनाने का संदेश दिया. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं. स्वच्छ और हरित वातावरण के लिए पौधरोपण जैसे अभियान लगातार चलाए जाने चाहिए. भाजपा नेता विभोर नायक ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पौधरोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि पौधों की देखभाल भी उतना ही जरूरी है.